तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, शनिवार 20 जून 2026

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

14 महंगाई के विरोध में प्रदर्शनकर कांग्रेस ने...



14 सामुदायिक कार्यक्रमों में सुविधा के लिए बर्तनों का...



## खबर संक्षेप



### हरियाली बढ़ाने आठ सौ सीड बॉल जंगल में डाले

**भानुप्रतापपुर।** विकासखंड भानुप्रतापपुर के ग्राम मुल्ला में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि वीरेंद्र ठाकुर ने ग्रामीणों और विद्यार्थियों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया तथा जंगलों में सीड बॉल फेंककर हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया। अभियान के तहत लगभग 800 सीड बॉल जंगलों में डाले गए। कार्यक्रम में सरपंच मंडावी, विद्यालय के प्राचार्य भगवान सिंह कोमारे, व्याख्याता टीपी साहू, एनएस जात्रे, प्रधान अध्यापिका श्रीवास्तव सहित शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### 15 हजार से अधिक की शराब जब्त, दो गिरफ्तार

**कांकेर।** चारामा थाना एवं दुधावा चौकी पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



चारामा के नयापारा निवासी 31 वर्षीय राजेश सोनकर के कब्जे से 30 नग शोले देशी मदिरा, 24 नग सुप्रेमो व्हिस्की तथा 600 रुपये नगद सहित कुल 5,520 रुपए की शराब जब्त की गई, वहीं दुधावा चौकी पुलिस ने धनोरा निवासी सुनील राय (45) के पास से विभिन्न ब्रांड की 57 नग शराब, जिसकी कीमत 10,260 रुपये है, बरामद की। दोनों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया गया।

### अमोडा में रक्तदान शिविर

**कांकेर।** समाज सेवा और जनकल्याण के उद्देश्य से शनिवार 20 जून को एक विशाल रक्तदान शिविर आयोजित है। यह शिविर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमोडा में सुबह 10 बजे से शुरू होगा। आयोजकों ने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि हर वर्ष सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत इसका आयोजन किया जाता है, ताकि अस्पतालों में रक्त की कमी न हो और लोगों में जागरूकता बढ़े। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की विशेषज्ञ टीम द्वारा सुरक्षित तरीके से रक्त संग्रह किया जाएगा।

### किशोरी ने जहर खाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** छोटेबेठिया थानांतर्गत सिमरका निवासी 17 वर्षीय रेशमा बासू पद्दा पिता बासू पद्दा ने जहर खा लिया, जिसके कारण उसकी 16 जून को मौत हो गई। सीएचसी पखांजुर से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतिका ने जहर खाई थी। इलाज के लिए उसके परिजन अस्पताल में लाए थे। अचानक स्वास्थ्य बिगड़ जाने के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

# नीट परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन की सख्ती, केन्द्रों पर लगाए जा रहे जैमर

◇ सीसीटीवी निगरानी में होगी परीक्षा, प्रशासन ने कसी कमर ◇ परीक्षा से पूर्व 20 जून को होगी मॉक ड्रिल, तैयारियों की हुई समीक्षा

*राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2026 के सफल, निष्पक्ष एवं सुचारू आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। परीक्षा के आयोजन से पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के लिए प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ हरेश मण्डावी ने जिला पंचायत सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा, तकनीकी सुविधाओं तथा एनटीए के दिशा-निर्देशों के शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

आयोजित बैठक में प्रभारी कलेक्टर ने बताया कि जिले में नीट2026 के लिए तीन परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शहीद रामकुमार यादव शासकीय कन्या उमावि कांकेर तथा नरहरदेव पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शामिल हैं। परीक्षा 21 जून को दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक एक पाली में आयोजित की जाएगी। परीक्षार्थियों को समय पर केन्द्र पहुंचने की सलाह देते हुए बताया गया कि परीक्षा केन्द्रों के प्रवेश द्वार दोपहर 1:30 बजे बंद कर दिए जाएंगे। बैठक में नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर आस्था बोरकर ने जानकारी दी कि परीक्षा से पूर्व 20 जून को सभी केन्द्रों में मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी, जिससे सुरक्षा एवं तकनीकी व्यवस्थाओं की प्रभावशीलता का परीक्षण किया जा सके। उन्होंने बताया कि जिले के तीनों परीक्षा केन्द्रों में कुल 1,587 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। बैठक में एसडीएम अरुण वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश साहू, एनटीए के कांकेर जिला के नोडल अधिकारी केवी के प्राचार्य राजू गोस्वामी सहित तीनों परीक्षा केन्द्रों के संस्था प्रमुख एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।



**21 जून को जिले के तीन केन्द्रों पर 1,587 परीक्षार्थी होंगे शामिल**

#### सीसीटीवी कैमरे लगे जैमर हो रहे स्थापित

*प्रभारी कलेक्टर हरेश मंडावी ने बताया कि सभी परीक्षा केन्द्रों में सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जा चुके हैं तथा जैमर लगाने का कार्य भी जारी है। इसके अलावा जनरेटर, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं एवं अन्य आपातकालीन व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं।*

## 84 परगना गढ़ बांसला की विशेष बैठक में सांस्कृतिक संरक्षण पर बनी रणनीति

# धर्मांतरण के खिलाफ चार गांवों की हुंकार आस्था, अस्मिता व अस्तित्व पर हुआ मंथन

*आदिवासी समाज की सांस्कृतिक पहचान, पारंपरिक आस्था और सामाजिक एकता को अक्षुण्ण बनाए रखने के उद्देश्य से 84 परगना गढ़ बांसला अंतर्गत ग्राम विक्रमगंज में बैठक आयोजित की गई। माई दंतेश्वरी के पावन स्थल पर आयोजित इस बैठक में चार गांवों के ग्रामीणों ने एकजुट होकर कथित अवैध धर्मांतरण की गतिविधियों पर चिंता व्यक्त की तथा समाज की परंपराओं, संस्कृति और अस्मिता की रक्षा के लिए सामूहिक रणनीति तैयार की।*

- **ग्रामसभा में अध्यक्ष मांझी गायता पेनो पुजारी ने की चर्चा**
- **ग्राम सभाओं को मजबूत कर बचाएंगे सांस्कृतिक विरासत**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/दुर्गूकोंदल

84 परगना गढ़ बांसला में शुक्रवार 19 जून को आयोजित विशेष बैठक में बोटेचांग, विक्रमगंज, जुनवानी और कोकड़े गांवों के ग्राम प्रमुख, ग्राम सभा अध्यक्ष, मांझी-मुखिया, गायता, पेनो पुजारी तथा समाज के वरिष्ठजनो ने आदिवासी समाज की परंपराओं, सांस्कृतिक धरोहर, धार्मिक आस्थाओं और सामुदायिक जीवन पद्धति पर विस्तृत चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि आदिवासी समाज की पहचान उसकी लोक परंपराओं, रीति-रिवाजों, देवी-देवताओं, पर्व-त्योहारों और सामुदायिक व्यवस्था से जुड़ी हुई है। यही सांस्कृतिक विरासत समाज की शक्ति और अस्तित्व का आधार है। ग्रामीणों ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अनुसूचित एवं पेसा क्षेत्रों में कथित रूप से हो रही अवैध धर्मांतरण की गतिविधियां समाज की सांस्कृतिक जड़ों और पारंपरिक जीवन मूल्यों के लिए चुनौती बनती जा रही हैं। इस विषय पर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने और समाज को संगठित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया।

#### बैठक में लिया संकल्प

*आयोजित बैठक के समापन पर सभी उपस्थित लोगों ने समाज की एकता, सांस्कृतिक संरक्षण, पारंपरिक आस्थाओं के सम्मान और सामाजिक जागरूकता के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया। ग्रामीणों ने विश्वास व्यक्त किया कि सामूहिक एकजुटता और जागरूकता के माध्यम से समाज अपनी सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखते हुए विकास की दिशा में आगे बढ़ेगा।*

**ये रहे शामिल:** *आयोजित बैठक म बांसला परगना मांझी लखूराम दर्रो, जिला पंचायत सदस्य देवेन्द्र टेकाम, गोंडवाना समाज सर्कल अध्यक्ष हरून दर्रो, मंशाराम दर्रो, राजेश कोयला, सुकलाल दर्रो, बैसूराम दर्रो, लादूराम दर्रो, अमरसिंह कोमरा, नरेश कोमरे, धन्नीराम दर्रो, मोतीलाल दर्रो, संतोष कोरेटी, बिषेश्वर जैन, बिरझू उसेंडी, धर्मेंद्र मंडावी, बिरसू दर्रो,रामलाल कोमरा सहित चारों गांवों के ग्राम प्रमुख और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।*

#### ग्रामसभा को सशक्त बनाना जरूरी

*समाज के वरिष्ठजनों ने अपने विचार रखते हुए कहा कि ग्राम सभाएं आदिवासी समाज की सबसे महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक इकाई हैं। इन्हें और अधिक सशक्त बनाकर सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक विषयों पर सामूहिक निर्णय लेने की परंपरा को मजबूत किया जाएगा। इसके साथ ही समाज के सभी लोगों से अपने धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया गया, ताकि परंपरागत मूल्यों का संरक्षण और संवर्धन सुनिश्चित हो सके।*

#### युवाओं को संस्कृति से जोड़ना जरूरी

*आयोजित बैठक में यह भी कहा गया कि वर्तमान समय में युवाओं को अपनी संस्कृति, इतिहास और परंपराओं से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए गांव-गांव में संवाद कार्यक्रम, सांस्कृतिक आयोजन और सामाजिक जागरूकता अभियान संचालित किए जाएंगे। ग्रामीणों ने समाज के भीतर एकजुटता को मजबूत करने तथा आने वाली पीढ़ियों को अपनी सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराने के लिए सामूहिक प्रयास करने की बात कही।*

### चाकू लहराता युवक गिरफ्तार आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई

**कांकेर।** थाना भानुप्रतापपुर पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर धारदार चाकू लहराकर लोगों को धमकाने वाले एक युवक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 19 जून को मुखबिर से पता चला कि बिरयानी सेंटर के सामने स्थित साप्ताहिक बाजार चौक भानुप्रतापपुर में एक युवक हाथ में धारदार चाकू लेकर लोगों को मारने-पीटने की धमकी दे रहा है, जिससे आसपास मौजूद लोगों में भय का माहौल व्याप्त हो गया था। जानकारी मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक स्टील का धारदार चाकू बरामद किया गया, जिसकी कुल लंबाई लगभग डेढ़ फीट बताई गई है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बाजारपारा वार्ड क्रमांक 2 भानुप्रतापपुर निवासी 25 सादाब उर्फ सद्दू पिता अब्दुल रसीद खान के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 25 एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे विधिवत गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि सार्वजनिक स्थानों पर हथियार लेकर लोगों को भयभीत करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।



## प्राचार्य बनकर की साइबर ठगी, फर्जी मैसेज भेजा व महिला से ऐंठे 90 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

साइबर अपराधी लगातार नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। जिले में साइबर धोखाधड़ी का एक और मामला सामने आया है, जहां एक अज्ञात ठग ने स्कूल के प्राचार्य बनकर महिला को अपने झांसे में लिया और फर्जी ऑनलाइन लेन-देन का भरोसा दिलाकर 90 हजार रुपये की ठगी कर ली। घटना के बाद पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कांकेर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अन्नपूर्णापारा निवासी 38 वर्षीय पूर्णिमा सिन्हा को शुक्रवार दोपहर करीब 12:30 बजे एक अज्ञात मोबाइल नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले व्यक्ति ने स्वयं



को उनके पुत्र के स्कूल का प्राचार्य बताया। बातचीत के दौरान आरोपी ने कहा कि उसके फोन-पे खाते में तकनीकी समस्या आ गई है और वह गलती से कुछ राशि पीड़िता के खाते में भेज रहा है, जिसे वापस उसके बताए गए फोन-पे नंबर पर ट्रांसफर करना होगा। विश्वास जीतने के लिए आरोपी ने पहले 55 हजार रुपये और बाद में 35 हजार रुपये जमा होने के फर्जी क्रेडिट मैसेज पीड़िता के मोबाइल पर भेजे। मैसेज देखकर पूर्णिमा सिन्हा को लगा कि उनके खाते में कुल 90 हजार रुपये जमा हो चुके हैं। ▶▶| शेष पेज 14 पर

#### शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात पर दर्ज किया मामला

*पीड़िता की शिकायत पर थाना कांकेर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66 (डी) तथा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318 (4) और 319 (2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान व्यक्ति के कहने पर बिना पुष्टि किए ऑनलाइन लेन-देन न करें और संदिग्ध कॉल या मैसेज मिलने पर तुरंत सतर्क रहें।*

## वीर शिरोमणि राणा प्रताप का किया यशोगान-राष्टभक्ति का दिया संदेश

*वीरता, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती भानुप्रतापपुर में श्रद्धा, उत्साह और गौरव के साथ मनाई गई। राजपूत समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नगरभर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जबकि सभा में महाराणा प्रताप के जीवन, संघर्ष और आदर्शों को याद कर युवाओं को उनसे प्रेरणा लेने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में समाज के लोगों के साथ बड़ी संख्या में नगरवासी भी शामिल हुए।*

# महाराणा प्रताप जयंती पर निकाली भव्य शोभायात्रा, दी पुष्पांजलि एवं किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

जयंती समारोह की शुरुआत महाराणा प्रताप चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर प्रतिमा को विशेष रूप से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। उपस्थित लोगों ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। माल्यार्पण के बाद महाराणा प्रताप चौक से विशाल शोभायात्रा निकाली गई। रैली में समाज के वरिष्ठजन, युवा, महिलाएं और बच्चे पारंपरिक उत्साह के साथ शामिल हुए। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जहां जगह-जगह लोगों ने स्वागत किया। पूरे मार्ग में महाराणा प्रताप के जयघोष गूंजते रहे और वातावरण राष्ट्रभक्ति एवं गौरव की भावना से ओतप्रोत रहा। रैली के दौरान मुख्य चौक पर परिवहन संघ द्वारा श्रद्धालुओं एवं रैली में शामिल लोगों के लिए शरबत वितरण की व्यवस्था की गई। ▶▶| शेष पेज 14 पर

शोभायात्रा का भानप्रतापपुर के प्रमुख मार्गों पर जगह-जगह स्वागत



#### सामाजिक दायित्व निर्वाहन करने की अपील

*नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर ने अपने संबोधन में कहा कि राजपूत समाज की पहचान केवल वीरता तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज सेवा, राष्ट्र निर्माण और जनकल्याण की भावना भी उसकी महत्वपूर्ण विरासत रही है। उन्होंने समाज के लोगों से अपने पूर्वजों के आदर्शों का अनुसरण करते हुए सामाजिक दायित्वों का निर्वाहन करने अपील किया।*

#### सभा में गूंजे स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के संदेश

*रैली के समापन के पश्चात मंगल भवन में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के संघर्षमय जीवन, त्याग, स्वाभिमान, राष्ट्रप्रेम और अदम्य साहस पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से उनके आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया। इस अवसर पर समाज के दिवंगत सदस्यों को भी श्रद्धापूर्वक स्मरण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।*



# पीएम आवास अधूरा छोड़ने वाले 52 हितग्राहियों को अंतिम नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

नगर पालिका बड़े बचेली में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पिछले 3-4 वर्षों से राशि डकारने के बाद भी मकान अधूरा छोड़ने वाले लापरवाही बरतने वाले हितग्राहियों पर प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। शासन से मिले कड़े निर्देशों के बाद नगर पालिका ने ऐसे 52 प्रगतिरत मकानों के मालिकों को सितंबर से पूर्व निर्माण पूरा करने की अंतिम सूचना थमा दी है। वहीं लापरवाही बरतने वाले 14 हितग्राहियों के खिलाफ एसडीएम कार्यालय से वसूली और कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

- 14 के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और वसूली की तैयारी

मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी पीटीएम कृष्णा राव, उप अभियंता संतोष नेगी, आवास सर्वेयर विश्वजीत मलिक और टाइम कीपर महेश बघेल की टीम ने प्रभावित वार्डों का दौरा किया। अधिकारियों ने एक-एक कर सभी 52 अधूरे मकानों की सूची के आधार पर भौतिक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने निर्माण कार्य में आ रही तकनीकी व अन्य दिक्कतों को समझा और मौके पर ही उनका समाधान निकाला। नगर पालिका टीम की कार्रवाई और समझाइश के बाद, बकाया राशि ले चुके हितग्राहियों ने अगस्त माह के अंत तक हर हाल में अपने मकानों का निर्माण कार्य पूर्ण करने की लिखित व मौखिक सहमति प्रदान की है।



### 440 में से 388 मकान पूरे 52 पर अटका पेंच

नगर पालिका बड़े बचेली से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार सत्र 2022-23 में योजना के तहत कुल 440 मकान स्वीकृत किए गए थे। इनमें से 388 हितग्राहियों ने अपने मकान पूरी ईमानदारी से पूर्ण कर लिए हैं। हालांकि शेष 52 मकान पिछले 3-4 सालों से प्रगतिरत (अधूरे) हैं, जिन्हें शासन के निर्देशानुसार सितंबर 2026 से पहले हर हाल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

### लापरवाही पर जेल

मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि शासन की जनकल्याणकारी योजना की राशि का दुरुपयोग किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिन 14 लोगों की फाइल एसडीएम कार्यालय भेजी गई है, उनसे सरकारी पैसे की वसूली के साथ-साथ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### किरायेदारों की जानकारी थाने में देना अनिवार्य पुलिस ने की अपील

**बचेली।** नगर में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से बचेली पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत मकान मालिकों को नोटिस जारी कर अपने यहां निवासरत किरायेदारों की पूरी जानकारी स्थानीय थाने में उपलब्ध कराने की अपील की जा रही है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि वर्तमान समय में सुरक्षा की दृष्टि से किरायेदारों का सत्यापन अत्यंत आवश्यक है। कई बार बाहरी व्यक्तियों द्वारा बिना पहचान और सत्यापन के किराए पर निवास करने से आपराधिक गतिविधियों की संभावना बनी रहती है।

### श्रमिक सम्मेलन में ग्रामीणों का हुजूम

**बीजापुर।** कलेक्टर विश्वदीप के मार्गदर्शन में श्रम विभाग ने सामुदायिक सांस्कृतिक भवन बीजापुर में श्रमिकों के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से एक श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 500 पंजीकृत एवं अपंजीकृत श्रमिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में नगरपालिका उपाध्यक्ष भुवन सिंह चौहान, पार्षद हितेश साहनी, संजय गुप्ता, घासीराम नाग सहित जिले भर से आए श्रमिक उपस्थित रहे। साथ ही श्रम पदाधिकारी ओम ब्यास नेताम, श्रम निरीक्षकसोपान काणेवार, कल्याण अधिकारी गोपाल पटेल, कल्याण निरीक्षक सुजाता बेल्लमपल्ली तथा विभागीय अधिकारी-कर्मचारी मुकेश बघेल, आशीष बेलमपल्ली, विकास देवांगन, नीरज यादव, रेवती दुर्गम एवं ज्योति कावटी उपस्थित रहे।

## सहायक खंड शिक्षा अधिकारी ने शाला संचालन पर दिए निर्देश

# 5 शालाओं का आकस्मिक निरीक्षण रिकॉर्ड से लेकर भोजन तक जांचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

सहायक खंड शिक्षा अधिकारी एवं संकुल स्त्रोत समन्वयक ने 19 जून को विकासखंड बस्तर के 5 शासकीय शालाओं का आकस्मिक एवं सघन निरीक्षण किया।

शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला सडकपारा चपका, दुबे उमर गांव, गुफनी, रेटावंड और खोरखोसा शामिल रहीं। निरीक्षण के दौरान शिक्षक-छात्र उपस्थिति पंजी, अवकाश पंजी, डाक पंजी, कैशबुक, स्टॉक पंजी, मध्यान्ह भोजन पंजी, पाठ्यपुस्तक व गणवेश वितरण पंजी सहित सभी शैक्षणिक व वित्तीय अभिलेखों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया गया। पंजियों को अद्यतन रखने के निर्देश मौके पर दिए गए। मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, मीनू अनुसार भोजन निर्माण, खाद्य सामग्री का भंडारण, रसोइयों की स्वच्छता और रसोईघर की स्थिति जांची गई। बच्चों को गरम भोजन व स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के कड़े निर्देश दिए गए। साथ ही शाला भवन, कक्ष, शौचालय, पेयजल स्त्रोत और परिसर की साफ-सफाई का भी निरीक्षण कर शालाओं को स्वच्छ व बाल हितैषी बनाने को कहा गया। सत्र 2026-27 के लिए प्राप्त निःशुल्क गणवेश का शत-प्रतिशत वितरण



समय-सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। शिक्षकों की नियमित उपस्थिति, कक्षा शिक्षण योजना और छात्र अधिगम स्तर का अवलोकन कर नवाचार आधारित शिक्षण पर जोर दिया गया। निरीक्षण के बाद संकुल केंद्र रेटावंड में सहायक खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार तिवारी और ग्राम सरपंच की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नियमित संचालन, शैक्षणिक गुणवत्ता, नामांकन व उपस्थिति बढ़ाने, शासकीय योजनाओं के पारदर्शी क्रियान्वयन और नियमों के कड़ाई से पालन के निर्देश दिए गए। अंत में शाला में नेउता भोज का आयोजन किया गया, जिसमें सहायक खंड शिक्षा अधिकारी ने ग्रामीणों, पालकों और बच्चों के साथ खीर-पूड़ी का आनंद लिया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक मुकेश तिवारी, संकुल प्राचार्य मनीराम बिसाई, समस्त कर्मचारी व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# जनकल्याण शिविर में ग्रामीणों को योजनाओं की दी जानकारी



**दुर्गुकोंदल।** केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे विश्वास के विकास, जन कल्याण के 12 वर्ष अभियान के अंतर्गत विकासखंड दुर्गूकोदल की ग्राम पंचायत करकापाल में एक दिवसीय क्लस्टर स्तरीय जनकल्याण शिविर का भव्य आयोजन किया गया। इस शिविर में 15 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण शामिल हुए, जहाँ विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने शासन की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी और मौके पर ही ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण किया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ सरपंच करकापाल हसीना पुगाटी, जवाहर ठाकुर, फूलेश्वरी कडियाम, प्रेम सिंह पूड़ो, रजनी पुगाटी, रामप्रसाद पुगाटी, जनपद सदस्य अमृता कोटिगल एवं सतीश जैन सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। शिविर के दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरडी ठाकुर ने कहा कि शासन का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाना है। जनकल्याण शिविरों के माध्यम से शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित हो रहा है, जिससे समस्याओं के त्वरित समाधान में तेजी आ रही है। उपस्थित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, युवाओं और ग्रामीणों को सामूहिक रूप से नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। ग्रामीणों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए इसे बेहद उपयोगी और जनहितकारी बताया। शिविर में ग्रामीणों ने शिक्षा, पेयजल, प्रधानमंत्री आवास और अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित कुल 16 आवेदन अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किए।

# महंगाई के विरोध में प्रदर्शनकर कांग्रेस ने किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोयलीबेड़ा

बिजली बिल में बढ़ोतरी, पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस की लगातार बढ़ती कीमतों के विरोध में ब्लॉक मुख्यालय कोयलीबेड़ा में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली निकालकर क्षेत्र में जनजागरण किया तथा बाजार चौक पहुंचकर राज्य सरकार का पुतला दहन करते हुए महंगाई कम करने की मांग उठाई।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और आरोप लगाया कि बढ़ती महंगाई से आम जनता, किसान, मजदूर तथा



मध्यम वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने कहा कि बिजली बिल, पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में लगातार वृद्धि होने से लोगों के घर का बजट बिगड़ गया है। सरकार को जनता को राहत देने के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाने चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यदि महंगाई पर नियंत्रण नहीं किया गया और जनता को राहत नहीं मिली तो पार्टी भविष्य में और व्यापक आंदोलन करेगी। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रतिराम दुगा, महामंत्री श्रवण यादव, प्रेमलाल उनदरे, श्रवण नेताम, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिंह बघेल, प्रीतम नाग, प्रमोद राणा, किनेश कौशल, संदीप आचला, पवन राणा, गौतम निषाद, भूपेंद्र, अनिल पटेल, निखिल पटेल, यशवंत पटेल, लखन मानिकपुरी सहित कांग्रेस कार्यकर्ता

## खाद-बीज की किल्लत से किसान परेशान, कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



**भानुप्रतापपुर।** खरीफ सीजन की शुरुआत के बीच क्षेत्र में खाद एवं बीज की कमी को लेकर किसानों की बढ़ती परेशानी के मद्देनजर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भानुप्रतापपुर ने मंगलवार को तहसीलदार के माध्यम से लैम्प्स समिति के शाखा प्रबंधक के नाम ज्ञापन सौंपकर त्वरित कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुनील बबला पाढ़ी के नेतृत्व में सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि सहकारी समितियों में किसानों को पर्याप्त मात्रा में यूरिया, डीएपी तथा अन्य आवश्यक रासायनिक खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है। वहीं गुणवत्तापूर्ण बीजों की भी कमी बनी हुई है।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि खाद-बीज की कालाबाजारी, कृत्रिम कमी तथा कृषि विभाग की लापरवाही के कारण किसान परेशान हैं और बुवाई कार्य प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। कांग्रेस ने मांग की है कि किसानों को तत्काल पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज उपलब्ध कराया जाए, वितरण व्यवस्था को सरल एवं पारदर्शी बनाया जाए। ब्लॉक अध्यक्ष सुनील पाढ़ी ने कहा कि यदि किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया तो कांग्रेस किसानों के हित में लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने को बाध्य होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान प्रदेश प्रतिनिधि वीरेंद्र सिंह ठाकुर, जनपद अध्यक्ष सुनाराम तेता, विजय धमेचा, शोएब अहमद, दीपक गजेंद्र, नमन जैन सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संकुल समन्वयकों को यथावत रखने की मांग की, डीईओ को सौंपा ज्ञापन

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के संकुल शैक्षिक समन्वयकों ने प्राथमिक शाला में पदस्थ सहायक शिक्षक एवं प्रधान पाठक, जो विगत कई वर्षों से संकुल समन्वयक के रूप में कार्यरत हैं, उन्हें यथावत बनाए रखने की मांग को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संघ ने बताया कि उक्त आदेश के तहत प्राथमिक शालाओं में पदस्थ एवं संकुल समन्वयक के रूप में कार्यरत शिक्षकों को हटाकर माध्यमिक शालाओं से नई नियुक्तियां किए जाने का प्रावधान किया गया है। संघ का कहना है कि इस संबंध में पूर्व में भी ज्ञापन प्रस्तुत कर सभी वर्तमान संकुल समन्वयकों को यथावत रखने का निवेदन किया गया था, किंतु अब तक कोई ठोस कार्यवाही



नहीं हुई है। प्रतिनिधिमंडल से चर्चा के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद ने आश्वस्त किया कि प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं से कितने शिक्षक वर्तमान में सीएसी पद पर कार्यरत हैं, इसकी जानकारी संकलित करने के उद्देश्य से ही आदेश जारी किया गया है।

## इंडस्ट्रीज एवं बैंकर्स मीट 23 को होगी

**कांकेर।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों की कार्यक्षमता को सुदृढ़ बनाने, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने, वित्तीय समाधान उपलब्ध कराने तथा सतत विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा रेजिंग एंड एक्सेलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस (रैम्प) योजना लागू की गई है। यह एक परिणाम-उन्मुख योजना है, जिसका उद्देश्य एमएसएमई क्षेत्र के समग्र उन्नयन को सुनिश्चित करना है। उक्त योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कांकेर द्वारा 23 जून को दोपहर 12 बजे शहर के मेन रोड टिकरापारा स्थित निजी होटल में इंडस्ट्रीज एवं बैंकर्स मीट का आयोजन किया जाएगा।

# ट्रक की ठोकर से घायल बुजुर्ग साइकिल सवार की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर तेज और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वाले चालकों के कारण हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ऐसा ही एक दर्दनाक सड़क हादसा 18 जून कि सुबह चारामा थाना के ठीक सामने मुख्य मार्ग पर घटित हुआ, जहां एक तेज रफ्तार ट्रक ने सायकल सवार बुजुर्ग को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रिफर किया गया है। चारामा थाना में शिकायत करने पहुंचे राजेन्द्र ठाकुर ने पुलिस को बताया कि आरईएस कॉलोनी चारामा निवासी 73 वर्षीय बृजलाल तुलई पिता स्व. कमलू राम तुलई 18 जून की सुबह करीब 6 बजे अपनी सायकल से मजदूरी काम करने के लिए महानदी मुक्तिधाम के पास जा रहे थे। बुजुर्ग बृजलाल जैसे ही चारामा पुलिस थाना के सामने मेन रोड के पास पहुंचे।

# बच्चों को संस्कार, अनुशासन जीवन में आगे बढ़ने की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

ओसवाल भवन गीदम में 8 दिवसीय ज्योतिर्मय शिविर छत्तीसगढ़ साधुमार्गी संघ और जैन श्री संघ के संयुक्त तत्वाधान में लगाया गया। जिसमें 75 बच्चों ने भाग लिया और जैन धर्म के बारे में अध्ययन किया। साथ ही बच्चों में संस्कार, अनुशासन कैसे आए कैसे जीवन में आगे बढ़े इत्यादि अनेक विषय पर भी शिक्षिकाओं के माध्यम से पढ़ाया गया। शिविर में 4 शिक्षिकाओं ने अपना समय देकर सहयोग प्रदान किया। जिसमें हेमलता बुरड़, केसर सुराना, संध्या लोढ़ा, ममता छाजेड़ शामिल रही। शिविर के संयोजक समता युवा संघ के अध्यक्ष मदन गोलछा ने योगदान दिया। समापन 15 जून को किया गया जिसमें मुख्य रूप से जगदलपुर से प्रकाश सांखला, प्रदीप बैद, जैन गीदम के अध्यक्ष विमल सुराना, अशोक बुरड़, मोहन बुरड़, मोतीलाल सालेचा, महेंद्र गोलछा, गौतम नाहटा, महावीर बुरड़, प्रेम लोढ़ा , शांतिलाल बुरड़ और समाज के वरिष्ठ सदस्य, युवा साथी, महिला मंडल उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किए।

## पड़ोसी ने दी जान से मारने की धमकी, सिर पर चोट लगने से युवक घायल

# पिता को गाली देने से रोका तो युवक पर डंडे से किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

मामूली विवाद ने उस समय हिंसक रूप ले लिया जब एक युवक अपने पिता को गाली-गलौज करने से रोकने पहुंचा। पड़ोसी ने नाराज होकर युवक पर डंडे से हमला कर दिया, जिससे उसके सिर में चोट आई। घटना के बाद पीड़ित ने थाना भानुप्रतापपुर पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मालापारा भीरागांव निवासी 34 वर्षीय चम्मन निषाद ने शिकायत में बताया कि वह खेती-किसानी का कार्य करता है। 19 जून को दोपहर



करीब 12:30 बजे वह अपने घर के भीतर अपने जीजा चन्द्रशेखर निषाद के साथ भोजन कर रहा था। उसी दौरान उसके माता-पिता घर के सामने स्थित किराना दुकान के चबूतरे पर बैठे हुए थे। शिकायतकर्ता के अनुसार पड़ोस में रहने वाला अजय सोनवानी उसके पिता के साथ गाली-गलौज करते हुए झगड़ा कर रहा था। बाहर से आ रही आवाज सुनकर वह और उसके जीजा घर से बाहर निकले तथा आरोपी को गाली-गलौज करने से मना किया। इस बात पर आरोपी भड़क गया और कथित तौर पर कहने लगा कि तुम कौन होते हो मुझे रोकने वाले, तुम्हें जान से मार दूंगा। शिकायत के मुताबिक इसके बाद आरोपी ने पास में रखा डंडा उठाकर शिकायतकर्ता के सिर पर हमला कर दिया। हमले में उसके सिर पर चोट आई। घटना के बाद परिजनों की मदद से घायल युवक ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई। भानुप्रतापपुर पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट के आधार पर आरोपी अजय सोनवानी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 296 एवं 351(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# सामुदायिक कार्यक्रमों में सुविधा के लिए बर्तनों का मिला दान

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम डांगरा में सामाजिक एवं सामुदायिक गतिविधियों को सुविधाजनक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। ग्रामवासियों की मांग पर जनपद पंचायत दुर्गूकोदल क्षेत्र क्रमांक-5 की जनपद सदस्य एवं सभापति सविता उईके द्वारा ग्राम डांगरा के शीतला मंदिर परिसर में सार्वजनिक उपयोग के लिए आवश्यक बर्तनों का वितरण किया गया। इस पहल से ग्रामीणों में खुशी का माहौल देखने को मिला। गांव के सामाजिक, धार्मिक एवं पारिवारिक आयोजनों में उपयोग के लिए प्रदान किए गए बर्तनों से अब ग्रामीणों को शादी-विवाह, जन्मोत्सव, मृत्यु संस्कार, सामूहिक भोज एवं अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा मिलेगी। इससे आयोजनकर्ताओं को अतिरिक्त आर्थिक बोझ से भी राहत मिलेगी। इस अवसर पर जनपद सदस्य एवं



सभापति ने कहा कि जनप्रतिनिधियों का दायित्व केवल विकास कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज की आवश्यकताओं और जनभावनाओं को समझते हुए लोगों को सुविधाएं उपलब्ध कराना भी उनकी जिम्मेदारी है। ग्राम डांगरा के ग्रामीणों की मांग पर सार्वजनिक उपयोग के लिए बर्तन उपलब्ध कराए गए हैं, जिनका उपयोग गांव के सभी वर्गों के लोग समान रूप से कर सकेंगे। उन्होंने ग्रामीणों से इन सामग्रियों का संरक्षण करने तथा सामुदायिक संपत्ति के रूप में उपयोग करने का अव्हान किया।

पेज 13 के शेष

### प्राचार्य बनकर की साइबर...

*इसके बाद उन्होंने अपने पुत्र की सहायता से आरोपी द्वारा बताए गए फोन-पे नंबर पर पूरी राशि ट्रांसफर कर दी। कुछ समय बाद जब उन्होंने अपने बैंक खाते का बैलेंस जांचा तो पता चला कि उनके खाते में कोई राशि जमा नहीं हुई थी, बल्कि 90 हजार रुपये कट चुके थे। ठगी का एहसास होते ही पीड़िता तत्काल बैंक पहुंची और खाते को ब्लॉक कराने की प्रक्रिया शुरू की। बैंक से जानकारी मिलने पर स्पष्ट हुआ कि उनके साथ साइबर धोखाधड़ी हुई है।*

### महाराणा प्रताप जयंती...

*इस सेवा कार्य की लोगों ने सराहना करते हुए इसे सामाजिक सहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। कार्यक्रम में चित्रकूट विधायक विनायक गोयल के निजी सचिव सतीश कश्यप, नरेंद्र सिंह राठौर, अशोक सिंह ठाकुर सहित अनेक गणमान्य नागरिक, समाज के पदाधिकारी और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।*

खबर संक्षेप

### स्कूली बच्चों को दिए गए कॉपी-पेन



**भानपुरी।** शुक्रवार को प्राथमिक शाला सालेमेटा में स्कूली बच्चों को कॉपी एवं पेन का वितरण किया गया। इस अवसर पर बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करते हुए शिक्षा के महत्व का संदेश भी दिया गया।

### आधी रात ससुराल में पत्नी व ससुर को किया लहूलुहान



**कांकेर।** सिकसोड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कस्तुरा खासपारा में घरेलू विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पत्नी पर चरित्र संदेह को लेकर हुए विवाद के बाद एक युवक ने आधी रात अपने ससुराल पहुंचकर पत्नी और ससुर पर टंगिया से जानलेवा हमला कर दिया। दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्राम कस्तुरा खासपारा निवासी सुरूज लाल पोटाई का अपनी पत्नी बिराजोबाई पोटाई से विवाद चल रहा था। आरोपी अपनी पत्नी पर बेवजह संदेह करता था और शराब के नशे में अक्सर मारपीट करता था। घटना वाले दिन भी दोनों के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद बिराजोबाई अपने मायके पहुंच गई थी। महेश कुमार उइके शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि 18 जून कि शाम को आरोपी अपनी पत्नी को लेने ससुराल आया था, लेकिन गांव में बैठक कर समझाइश देने की बात कहकर उसे वापस भेज दिया गया। इसी बात से नाराज होकर आरोपी देर रात करीब सवा 12 बजे ससुराल पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए घर में रखे टंगिया से पत्नी पर हमला कर दिया। बचाव करने पहुंचे ससुर पनकू राम उइके पर भी टंगिया से वार कर उन्हें घायल कर दिया। हमले में बिराजोबाई के सिर तथा पनकू राम की आंख के नीचे गंभीर चोटें आई हैं। शोर-शराबा सुनकर परिवार के अन्य सदस्य जाग गए, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। दोनों घायलों को तत्काल कोयलीबेड़ा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी सुरूज लाल पोटाई के खिलाफ धारा 109, 296 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### नवप्रवेशी बच्चों को बांटी गणवेश व पाठ्यपुस्तकें



**कोरर।** संकुल केंद्र तालाकुर्रा अंतर्गत प्राशा मावलीपारा कोकानपुर में शाला प्रवेश उत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें निःशुल्क गणवेश एवं पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक परिवार द्वारा न्योता भोज का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने सहभागिता की। न्योता भोज में बच्चों को मिठाई, बिस्कुट, चॉकलेट, नमकीन तथा हरी सब्जियों सहित स्वादिष्ट भोजन परोसा गया। शाला प्रबंध समिति के सदस्य देव कुमार निषाद द्वारा सभी विद्यार्थियों को कॉपी, पेन एवं पहाड़ा पुस्तिका वितरित कर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर ग्राम पटेल माखन मंडावी, सरपंच कली राम उइके, उपसरपंच योगिता राजपूत, वार्ड पंच अमृता तेता, सहदेव मतलाम, रघुवेंद्र राजपूत, नाथूराम मतलाम, रमेश मंडावी, गणेश दुग्गा, नारदराम यादव, भागीराम निषाद, विमला यादव, प्रधान अध्यापक महाचंद कोडोपी, संकुल समन्वयक चंद्रभुवन ध्रुव सहित ग्रामीण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने पैदल तय किया दुर्गम सफर, सुनी ग्रामीणों की बातें

## इंद्रावती के उस पार पहुंचा प्रशासन, भिरसापारा व पालोडी में ग्रामीणों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा/गीदम

■ राशन, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पेयजल, आंगनबाड़ी एवं सड़क सुविधाओं की जानी जमीनी हकीकत

जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्रों तक प्रशासन की पहुंच एवं जनहितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने गुरुवार को विकासखंड गीदम अंतर्गत ग्राम पंचायत गुमलनार के अतिदुर्गम एवं बीहड़ आश्रित ग्राम भिरसापारा और पालोडी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ काउरगांव के बिंगूपारा से लगभग 6 से 8 किलोमीटर का पैदल सफर तय कर ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनीं और क्षेत्र की वास्तविक परिस्थितियों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। घने जंगलों और दुर्गम पहाड़ी मार्गों से होकर कलेक्टर जब भिरसापारा पहुंचे तो ग्रामीणों ने आत्मीयता के साथ उनका स्वागत किया। लगभग 42 घरों वाले भिरसापारा में कलेक्टर ने किसी औपचारिक बैठक कक्ष के बजाय गांव के बीच स्थित इमली के विशाल पेड़ की छांव को संवाद का माध्यम बनाया। ग्रामीणों के साथ जमीन पर बैठकर उन्होंने गांव की भौगोलिक स्थिति, आवागमन की चुनौतियों, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, राशन वितरण तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के संबंध में विस्तार से चर्चा की।

वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए उन्होंने ग्रामीणों से यह भी जाना कि आगामी चार महीनों के लिए आवश्यक राशन सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित है या नहीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने भिरसापारा के आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र में बच्चों को प्रदान किए जा रहे पूरक पोषण आहार, शिक्षा संबंधी गतिविधियों तथा उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से जानकारी प्राप्त की। आंगनबाड़ी में दर्ज बच्चों की उपस्थिति, पोषण आहार वितरण एवं अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। यह देखना सुखद था कि निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी के बच्चों को गर्म भोजन और पौष्टिक आहार के रूप में उबले अंडे भी परोसे गए थे।





### उत्साह व भरोसा का दिखा माहौल

ग्रामीणों ने पहली बार किसी जिला कलेक्टर को इस तरह पैदल चलकर अपने गांव तक पहुंचते देखा। इससे उनमें उत्साह और विश्वास का माहौल बना तथा उन्हें यह भरोसा मिला कि उनकी समस्याएं अब सीधे प्रशासन तक पहुंच रही हैं। कलेक्टर का यह वनांचल दौरा संवेदनशील प्रशासन और जनसरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता का एक प्रेरणादायी उदाहरण बनकर सामने आया।

## प्रशासनिक कार्रवाई से लोगों का टूट रहा विश्वास : हरीश

# कोरोना पीड़ित परिवार पर चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

■ दो अधिकरियो के खिलाफ पीड़ति ने की ऑनलाईन शिकायत

जिले में वैध कार्यों को अब जमींदोज होना पड़ेगा। खून पसीने की कमाई से बनाये गए वैध बाउंड्रीवाल हो या फिर आशियाना सब तोड़ें जाएंगे। ये बानगी इन दिनों सुकमा जिला मुख्यालय में चर्चा का विषय बना हुआ है। अधिकारियों के हौसले इतने बुलंद है कि बिना किसी लीगल नोटिस के अलसुबह कार्रवाई को अंजाम दे सकते है।

जिला मुख्यालय इन दिनों वैध अवैध कालोनी को लेकर चर्चा में है। कलेक्टर कार्यालय के पीछे स्थित क्षेत्र में कथित अवैध कॉलोनी के नाम पर प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई को लेकर विवाद गहरा गया है। नगर पालिका और तहसील प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई के दौरान रजिस्ट्री जमीन पर निर्मित हो रहे बाउंड्रीवॉल और मकानों को जमींदोज कर दिया गया, जिससे प्रभावित परिवारों में आक्रोश व्याप्त है। कार्रवाई के दौरान पुलिस बल भी मौके पर तैनात रहा।

नागरिकों ने आरोप लगाया है कि प्रशासन ने जिस जमीन पर कार्रवाई की, उसकी विधिवत रजिस्ट्री पूर्व में सरकारी प्रक्रिया के तहत की गई थी। लोगों का कहना है कि वर्षों की मेहनत की कमाई लगाकर वे अपने सपनों का आशियाना तैयार कर रहे थे, लेकिन बिना पर्याप्त राहत दिए उनके निर्माण कार्य को ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान क्षेत्र की सड़क को भी जेसीबी से खोद दिया गया।

पीड़ित उदय वर्मा ने वैध स्वामित्व की भूमि पर निर्मित बाउंड्री वॉल को बिना पूर्व सूचना, बिना विधिक आदेश एवं बिना वैधानिक प्रक्रिया अपनाए ध्वस्त किए जाने, संपत्ति को नुकसान पहुँचाने, अतिक्रमण कर आपराधिक कृत्य करने तथा दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई कर मुआवजा दिलाने को लेकर कलेक्टर सुकमा को पत्र लिख गुहार लगाई है। उदय नारायण वर्मा ने कलेक्टर को लिखे पत्र में कहा कि खसरा क्रमांक 1283/87 स्थित भूमि के वैध स्वामी एवं पट्टाधारी हैं। उक्त भूमि से संबंधित पट्टा, विक्रय पत्र (रजिस्ट्री), राजस्व अभिलेख एवं अन्य स्वामित्व संबंधी दस्तावेज विधिवत हमारे नाम पर दर्ज हैं। उक्त भूमि की सुरक्षा, सीमांकन एवं अवैध हस्तक्षेप से संरक्षण हेतु हमारे द्वारा अपने निजी व्यय पर बाउंड्री वॉल (सीमा दीवार) का निर्माण कराया गया था।

पीड़ित उदय वर्मा ने तहसीलदार नपा अधिकारी के खिलाफ आनलाईन एफआईआर करते हुए कहा कि 17 जून को मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनीत साव नगर पालिका परिषद सुकमा, तहसीलदार गिरिश निर्बलकर सुकमा तथा उनके साथ आए अन्य कर्मचारियों व अधीनस्थ अमले द्वारा बिना किसी पूर्व लिखित नोटिस, बिना किसी सक्षम न्यायालय अथवा सक्षम प्राधिकारी के विधिवत आदेश तथा बिना किसी वैधानिक प्रक्रिया का पालन किए हमारी भूमि पर प्रवेश कर जबरन बाउंड्री वॉल को तोड़ दिया गया। उक्त कार्रवाई के दौरान हमें कोई कारण बताओ सूचना, निष्कासन आदेश, अतिक्रमण नोटिस अथवा अन्य कोई वैधानिक दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया गया।



### हरीश ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र

मामले की जानकारी मिलने पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरीश कवासी भी मौके पर पहुंचे और अधिकारियों से चर्चा कर कार्रवाई रोकने का प्रयास किया। उन्होंने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि जमीन की रजिस्ट्री सरकारी तंत्र द्वारा की गई है तो फिर उसी जमीन पर निर्माण करने वाले आम लोगों के खिलाफ बुल्डोजर की कार्रवाई करना न्यायसंगत नहीं कहा जा सकता। हरीश कवासी ने आरोप लगाया कि आम नागरिक अपनी जीवनभर की जमा-पूंजी लगाकर घर बनाने का सपना देखते हैं, लेकिन प्रशासनिक कार्रवाई से उनका विश्वास टूट रहा है। उन्होंने प्रभावित परिवारों को न्याय दिलाने की मांग करते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र भी लिखा है।

### यूपी वाली नहीं सुकमा की थी बुलडोजर कार्रवाई

अब तक यूपी में बाबा के बुलडोजर कार्रवाई उन पर किया जाता था तो गंभीर अपराध में संलिप्त रहे थे। लेकिन इस बार बुलडोजर कोरोना महामारी के दौरान अपने माता-पिता को खो चुके उदय वर्मा के निर्माणाधीन बाउंड्रीवॉल पर चली जो कि चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन को मानवीय पहलुओं को ध्यान में रखते हुए प्रभावित परिवारों को अपनी बात रखने का अवसर देना चाहिए था।

# गायत्री चरणपीठ किन्दरवाड़ा में नव निर्मित मंदिर भवन का देव स्थापन पूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

■ जल कलश यात्रा से हुई शुरुआत, देव स्थापन के साथ हुआ महायज्ञ का समापन

गायत्री परिवार के तत्वावधान में गायत्री चरणपीठ किन्दरवाड़ा में नव निर्मित मंदिर भवन का देव स्थापन पूजन एवं 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ कार्यक्रम श्रद्धा-भक्ति के साथ संपन्न हुआ। यह पावन कार्यक्रम जल कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ था।

अंतिम दिन विधि-विधान पूर्वक देव स्थापन पूजन कर नव निर्मित मंदिर भवन में देव प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। इसके पश्चात 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में आहुतियां दी गईं और सनातन परम्परा के अनुसार 16 प्रकार के संस्कार भी सम्पन्न कराए गए। मंत्रोच्चार एवं यज्ञ की लपटों से वातावरण गायत्रीमय हो गया। श्रद्धालुओं ने नवस्थापित देव प्रतिमाओं के दर्शन कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। बालसिंह नेताम की टोली के मार्गदर्शन में संपन्न कराया गया। यज्ञाचार्यों ने लोगों को संस्कारों के महत्व और गायत्री साधना की उपयोगिता बताई।इस दौरान हुंगा राम मरकाम, जिला पंचायत सदस्य रामदेव नाग अध्यक्ष जिला धुरवा समाज, आयता राम पोडियाम, मुख्य प्रबन्ध ट्रस्टी राजकुमार बघेल, जिला समन्वयक आयता राम बघेल, जिला सह समन्वयक रामधर मांझी, वरिष्ठ कार्यकर्ता सोमा राम बघेल, अध्यक्ष आपदा प्रबंधन समिति सुकमन नाग, अजमन बघेल, ट्रस्टी सदस्य कार्यक्रम प्रशिक्षण प्रभारी बिसनाथ नाग, गंगा राम नाग, गोंचू राम नाग, जदुराम बघेल मौजूद थे। आयोजक समिति से सनत सिन्हा एवं महिला प्रकोष्ठ से उर्मिला नाग, मानक नाग, मानदाई नाग, सुनीता बघेल सहित जिला सुकमा के गायत्री परिवार के परिजनों की सक्रिय उपस्थिति रही। सभी ने नवस्थापित मंदिर में दर्शन कर यज्ञ में आहुति देकर पुण्य लाभ अर्जित किया। अंत में प्रसाद वितरण एवं शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# झपटमारी का फरार चौथा आरोपी रायपुर से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



भानुप्रतापपुर-दुर्गुकोंदल मुख्य मार्ग पर पिछले दिनों हुई सनसनीखेज झपटमारी की घटना के अंतिम फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में दुर्गुकोंदल पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए आरोपी पवन कुमार देवांगन को रायपुर से घेराबंदी कर दबोचा। पकड़े गए आरोपी को पुलिस द्वारा न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। इस मामले में शामिल तीन सह-आरोपियों की गिरफ्तारी पहले ही की जा चुकी थी।

इस मामले में विवेचना के दौरान पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के कुछ ही दिनों भीतर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था, जिनमें आशीष भट्टाचार्य, सूर्यकांत उर्फ सूर्या गुप्ता और माही उर्फ मनीषा बंजारे शामिल थे। इनकी गिरफ्तारी के बाद से ही चौथा आरोपी पवन कुमार देवांगन लगातार फरार चल रहा था, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई थी। फरार आरोपी की पतासाजी के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया था। पुलिस टीम ने तकनीकी और भौतिक साक्ष्यों का विश्लेषण करते हुए आरोपी के रायपुर में छिपे होने का सुराग लगाया। जानकारी मिलते ही पुलिस टीम ने रायपुर के डीडी नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत जोरापारा में दबिश दी और आरोपी 19 वर्षीय पवन कुमार देवांगन पिता- स्व. बुधारु राम देवांगन को हिरासत में ले लिया।

थाने लाकर की गई कड़ाई से पूछताछ में आरोपी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर झपटमारी की उक्त घटना को अंजाम देना स्वीकार किया, जिसके बाद पुलिस ने उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। इस अंधे मामले के खुलासे और फरार आरोपी को रायपुर से दबोचने में दुर्गुकोंदल थाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद यादव, सहायक उपनिरीक्षक महावीर प्रसाद मिश्रा, वीरेंद्र बुंदेला और आरक्षक अवधराम नाग की मुख्य और सराहनीय भूमिका रहा।

# आवेदन पर आवेदन फिर भी नहीं थम रहे हैं सूरजागढ़ खदान के भारी वाहन

■ कार्यप्रणाली पर उठे रहे सवाल पर जवाब नहीं

**पखांजूर।** सूरजागढ़ खदान से खनिज परिवहन में लगे भारी वाहनों की आवाजाही को लेकर परलकोट क्षेत्र में लगातार विरोध और शिकायतों के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों तथा विभिन्न संगठनों द्वारा समय-समय पर ज्ञापन सौंपे जाने और हरिभूमि समाचार पत्र में मामला प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद भी भारी वाहन पूर्ववत आबादी वाले क्षेत्रों से गुजर रहे हैं।



हाल ही में युवा कांग्रेस ने अंतागढ़ विधानसभा अध्यक्ष के नेतृत्व में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पखांजुर को ज्ञापन सौंपकर नगर एवं आबादी क्षेत्रों से गुजर रहे खनिज परिवहन वाहनों पर रोक लगाने की मांग की थी। ज्ञापन में सड़क सुरक्षा, पर्यावरण प्रदूषण, सड़क क्षति तथा आमजन के जीवन पर पड़ रहे दुष्प्रभावों का उल्लेख करते हुए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की गई थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पहला अवसर नहीं है जब इस विषय को प्रशासन के समक्ष उठाया गया हो। इससे पूर्व भी कई सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों द्वारा शिकायतें की जा चुकी हैं। विभिन्न समाचार पत्रों में भी लगातार इस मुद्दे को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया, किन्तु स्थिति में कोई परिवर्तन दिखाई नहीं दे रहा है। नगरवासियों का आरोप है कि भारी वाहनों के कारण सड़कों की हालत लगातार खराब हो रही है। स्कूल आने-जाने वाले बच्चों, महिलाओं एवं बुजुर्गों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं वाहनों से उड़ने वाली धूल से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी बढ़ रही हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार विभागों की ओर से कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है। क्षेत्र में अब यह चर्चा का विषय बन गया है कि जब लगातार शिकायतें, ज्ञापन और समाचार प्रकाशन के बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही है तो आखिर प्रशासनिक तंत्र किस स्तर पर उदासीन बना हुआ है। शिकायतों और विरोध के बावजूद सूरजागढ़ खदान से जुड़े भारी वाहनों की आवाजाही यथावत क्यों जारी है और प्रशासन अब तक कोई निर्णायक कदम क्यों नहीं उठा पाया है।

# खाद संकट पर कांग्रेस ने लैंपस अभियान के तहत सौंपा ज्ञापन

**कांकेर।** खरीफ सीजन के दौरान किसानों को रासायनिक खाद की कमी का सामना करना पड़ रहा है। इसी मुद्दे को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कांकेर ग्रामीण ने लैम्पस चलो अभियान के तहत धनेलीकन्हार मंडल के ग्राम मरकाटोला स्थित लैम्पस में विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय किसानों ने एकत्र होकर अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया तथा लैम्पस प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन के दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कांकेर ग्रामीण के अध्यक्ष लोमेन्द्र यादव ने भाजपा सरकार पर किसानों की समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि एक ओर सरकार स्वयं को किसान हितैषी बताती है, वहीं दूसरी ओर किसान खाद, बीज और डीजल जैसी आवश्यक कृषि सामग्री के लिए परेशान हो रहे हैं। वर्तमान समय में धान की बोआई का कार्य तेजी से चल रहा है और किसानों को सबसे अधिक आवश्यकता रासायनिक खाद की है, लेकिन सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है। विरोध प्रदर्शन में प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष बिरेश ठाकुर, पूर्व अजजा आयोग सदस्य नितिन पोटाई, सरजू शोरी, शिवांकित श्रीवास्तव सहित कांग्रेस कार्यकर्ता एवं किसान उपस्थित रहे।




# जिला अस्पताल से घायल युवक के जेवरों की चोरी, बहन ने की रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




जिला चिकित्सालय एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवालों के घेरे में है। अस्पताल के ड्रेसिंग रूम से एक सड़क दुर्घटना में घायल युवक के सोने और चांदी के जेवर चोरी होने का मामला सामने आया है।

थाना में शिकायत करने पहुंची श्रीराम नगर कांकेर निवासी 42 वर्षीय गोसिया ने पुलिस को बताया कि उनके भाई 35 वर्षीय तोषन श्रीवास्तव पिता स्व. इन्द्र कुमार श्रीवास्तव 12 जून की रात करीब 8 बजे बाइक से अन्नपूर्णापारा से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान वे एक भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गए, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। आसपास के लोगों और 108 एम्बुलेंस की मदद से उन्हें तुरंत इलाज के लिए जिला चिकित्सालय कांकेर में भर्ती कराया गया। अस्पताल लाते समय उनके भाई के हाथ में चांदी का कड़ा और कान में सोने की बाली थी। परिजनों के पास उपलब्ध ड्रेसिंग रूम के एक वीडियो में तोषन को ये जेवर पहने हुए देखा भी गया था। लेकिन जब परिजन अस्पताल पहुंचे, तो उनके भाई के शरीर से चांदी का कड़ा अनुमानित कीमत 13 हजार 500 रूपएं व सोने की बाली अनुमानित कीमत 10 हजार रूपएं गायब हो चुके थे। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल स्टाफ या वहां मौजूद किसी अज्ञात व्यक्ति ने मजबूरी का फायदा उठाकर ड्रेसिंग रूम के भीतर ही इस चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## पंचायत स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव आज

**कोयलीबेड़ा।** शिक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने एवं बच्चों को विद्यालय से जोड़ने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत केसेकोड़ी एवं संकुल केंद्र बड़ूपारा 02 द्वारा पंचायत स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन आज 20 जून शनिवार को किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन माध्यमिक शाला सम्बलपुर में प्रातः 10 बजे से होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंतागढ़ विधायक विक्रम देव उसेंडी होंगे, जबकि अध्यक्षता ग्राम पंचायत केसेकोड़ी की सरपंच फूलवती उसेंडी करेंगी। इसके अलावा जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच संघ पदाधिकारी, शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं अन्य गणमान्य नागरिक विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।



## विद्यालय चलें अभियान की रैली में प्रतिदिन स्कूल आने का दिया संदेश



**दुर्गुकोंदल।** विद्यालय चलें अभियान को जन-जन तक पहुंचाने तथा बच्चों की नियमित विद्यालय उपस्थिति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेडो में जूनियर रेडक्रॉस इकाई के तत्वावधान में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों द्वारा निकाली गई इस रैली ने पूरे ग्राम में शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश फैलाया और पालकों को अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया। रैली का शुभारंभ विद्यालय परिसर से हुआ, जहां छात्र-छात्राओं ने हाथों में तख्तियां और प्रेरक संदेशों वाले पोस्टर लेकर ग्राम भ्रमण किया। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने हर दिन स्कूल जाएं, उज्ज्वल भविष्य बनाएं, शिक्षा है जीवन का आधार, बच्चों को भेजो विद्यालय हर बार, पढ़ेगा इंडिया, तभी तो बढ़ेगा इंडिया जैसे नारों के माध्यम से ग्रामीणों का ध्यान शिक्षा के महत्व की ओर आकर्षित किया। विद्यार्थियों ने गांव के विभिन्न मोहल्लों में पहुंचकर घर-घर संपर्क किया तथा पालकों से संवाद स्थापित कर बच्चों की नियमित उपस्थिति के महत्व को समझाया। उन्होंने बताया कि विद्यालय में नियमित अध्ययन से बच्चों का बौद्धिक, सामाजिक एवं नैतिक विकास होता है, जिससे वे भविष्य में बेहतर नागरिक बन सकते हैं। ग्रामीणों ने भी विद्यार्थियों की इस पहल की सराहना करते हुए बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जूनियर रेडक्रॉस प्रभारी एवं व्याख्याता तृप्ति गजभिए ने कहा कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मूल अधिकार है। विद्यालय परिवार ने सभी अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करें और उन्हें शिक्षा से जोड़कर उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सहयोग दें। रैली में विद्यालय के शिक्षकगण, जूनियर रेडक्रॉस के सदस्य एवं छात्र-छात्राएं उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

## भानुप्रतापपुर के नए बीईओ पोर्ते ने पदभार किया ग्रहण



**भानुप्रतापपुर।** विकासखंड भानुप्रतापपुर में नव पदस्थ खंड शिक्षा अधिकारी बीईओ कृष्ण कुमार पोर्ते के पदभार ग्रहण करने के उपरांत विभिन्न शैक्षणिक एवं कर्मचारी संगठनों ने मुलाकात किया। बीईओ ने शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा विभागीय समन्वय को मजबूत करने को लेकर सकारात्मक विचार-विमर्श किया गया। नवनियुक्त खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार, विद्यालयों का समग्र विकास तथा शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने सभी संकुल समन्वयकों से टीम भावना के साथ कार्य करते हुए शिक्षा विभाग की गतिविधियों को बेहतर बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में खंड स्त्रोत समन्वयक राधेलाल नुरेटी एवं सहायक खंड शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार सोनवानी ने कहा कि शिक्षकों एवं समन्वयकों को अपने दायित्वों का प्रभावी निर्वहन करने की बात कही। इस अवसर पर बीईओ कार्यालय के सहायक ग्रेड-2 नीतेश कोडोपी, संकुल समन्वयक संघ के अध्यक्ष मुकेश कुमार जैन, सचिव एवं कोषाध्यक्ष सुनील कुमार यदु, महेश मंडावी, गौचरण साहू, पुरुषोत्तम भेड़िया, शादिक कुरेशी, खेमलाल साहू, दिनेश ठाकुर, दिक्पाल सिंह ठाकुर, दौलत सिंह ठाकुर सहित विकासखंड के सभी संकुल समन्वयक उपस्थित रहे।

# कोयलीबेड़ा के दूरस्थ विद्यालयों में शिक्षा सुधार के लिए रोडमैप तैयार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोयलीबेड़ा

जिले के अतिदूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्र कोयलीबेड़ा में शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी निलेश कुमार क्षीरसागर तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी के निर्देशानुसार आयोजित इस बैठक में शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने के लिए व्यापक मंथन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद एवं जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा नवनीत पटेल ने की। इस दौरान शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं, उपलब्धियों, चुनौतियों एवं आगामी कार्ययोजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जिले के दूरस्थ और संवेदनशील क्षेत्रों में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। समीक्षा बैठक में विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था, आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान एफएलएन कार्यक्रम, बालवाटिका गतिविधियां, कक्षा-वार अधिगम स्तर में सुधार तथा कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष शैक्षणिक सहयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि प्रत्येक विद्यालय में बच्चों की सीखने की क्षमता बढ़ाने के लिए नियमित मूल्यांकन और आवश्यक शैक्षणिक हस्तक्षेप सुनिश्चित किए जाएं। जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद ने संस्था प्रमुखों को समयबद्ध कक्षा संचालन, पाठ्यक्रम पूर्णता, परीक्षा परिणामों में सुधार तथा बोर्ड परीक्षाओं की विशेष तैयारी पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

### बैठक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, एफएलएन, नामांकन और बोर्ड परीक्षा परिणामों पर फोकस



#### नैतिक शिक्षा पर दिया जोर

उन्होंने कहा कि शिक्षकों को विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, नैतिक शिक्षा और जीवन कौशल के विकास पर भी समान रूप से कार्य करना चाहिए। जिला मिशन समन्वयक नवनीत पटेल ने समग्र शिक्षा अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए विद्यालय विकास योजना, पीएमश्री योजना, डिजिटल शिक्षा, समावेशी शिक्षा, पुस्तकालय गतिविधियों, खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा शाला प्रबंधन समितियों की सक्रिय भागीदारी को मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने विभागीय पोर्टलों पर समयबद्ध जानकारी दर्ज करने और शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश भी दिए। बैठक में नामांकन एवं ठहराव, ड्रॉपआउट बच्चों की पहचान, पुनः नामांकन अभियान, मध्यान्ह भोजन व्यवस्था, छात्रवृत्ति योजनाओं, विद्यालय स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था और पुस्तकालयों के सुदृढ़ीकरण की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों को अपनाने, स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप शिक्षण सामग्री विकसित करने तथा सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने पर बल दिया।

### राज्यपाल, मुख्यमंत्री, स्कूल शिक्षा मंत्री एवं संस्कृति मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

# स्कूलों में धार्मिक गतिविधियों की अनिवार्यता का विरोध, आदिवासी समाज ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यज ▸▸| दुर्गुकोंदल



शासकीय विद्यालयों में धार्मिक गतिविधियों को अनिवार्य किए जाने संबंधी आदेश के विरोध में सर्व आदिवासी युवा प्रभाग एवं आदिवासी समाज के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को राज्यपाल, मुख्यमंत्री, स्कूल शिक्षा मंत्री एवं संस्कृति मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर उक्त आदेश को तत्काल निरस्त करने की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ एक बहुसांस्कृतिक और बहुधार्मिक राज्य है, जहां विभिन्न समुदायों के लोग अपनी-अपनी धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं के साथ निवास करते हैं। विशेष रूप से आदिवासी समाज की अपनी विशिष्ट धार्मिक मान्यताएं, रीति-रिवाज और सांस्कृतिक पहचान है, जिसका संरक्षण संविधान द्वारा सुनिश्चित किया गया है। ऐसे में किसी एक धर्म विशेष से संबंधित प्रार्थना, मंत्र अथवा धार्मिक गतिविधियों को शासकीय विद्यालयों में अनिवार्य करना संविधान की धर्मनिरपेक्ष भावना और सांस्कृतिक समावेशिता के विपरीत बताया गया है।

सर्व आदिवासी युवा प्रभाग के कोषाध्यक्ष विजय कोमरा ने कहा कि शासकीय विद्यालय सभी वर्गों और समुदायों के विद्यार्थियों के लिए समान रूप से होते हैं। ऐसे में किसी एक धार्मिक परंपरा को अनिवार्य रूप से लागू करना शिक्षा की समावेशी भावना के अनुरूप नहीं माना जा सकता। सर्व आदिवासी युवा प्रभाग के जिला प्रवक्ता दीपक कल्लो ने कहा कि आदिवासी समाज की सांस्कृतिक पहचान और परंपराओं का संरक्षण आवश्यक है। आदिवासी समाज ब्लॉक दुर्गुकोदल के सह सचिव अरुण कल्लो ने कहा कि शिक्षा का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों में ज्ञान, वैज्ञानिक सोच, सामाजिक समरसता और लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास करना है। ज्ञापन सौंपने के दौरान गोंडवाना युवा प्रभाग ब्लॉक दुर्गुकोदल के सदस्य, सरपंच मुकेश गावड़े, सरपंच मनेसिंह सलाम, डागेश नरेटी, उपसरपंच मुकेश गावड़े सहित अन्य समाजजन उपस्थित रहें।

## पुलिस लाइन सिंगारभाट के शिविर में 158 मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

स्वस्थ बस्तर अभियान के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन तथा खंड चिकित्सा अधिकारी की उपस्थिति में पुलिस लाइन सिंगारभाट में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था।

शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिजनों का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ दंत परीक्षण, नेत्र जांच, एनसीडी (नॉन कम्युनिकेबल डिजीज) स्क्रीनिंग, मलेरिया जांच, ब्लड टेस्ट तथा आयुष्मान कार्ड निर्माण जैसी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी जानकारी के अनुसार शिविर में कुल 158 मरीजों का ओपीडी पंजीयन किया गया। सभी मरीजों का चिकित्सकीय परीक्षण कर आवश्यक परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया गया। वहीं 35 लोगों की दंत जांच और 55 लोगों की नेत्र जांच की गई, जिससे



विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान कर आवश्यक सलाह दी गई। इसके अलावा 125 हितग्राहियों की एनसीडी जांच कर मधुमेह, उच्च रक्तचाप एवं अन्य गैर-संचारी रोगों की स्क्रीनिंग की गई।

मलेरिया नियंत्रण एवं रोकथाम के तहत 10 लोगों की मलेरिया जांच तथा 146 लोगों के ब्लड टेस्ट किए गए। शिविर में पात्र हितग्राहियों के लिए 10 आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए, जिससे उन्हें भविष्य में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता रही। उपस्थित अधिकारियों ने शासन की इस पहल की सराहना करते हुए नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व पर जोर दिया। स्वस्थ बस्तर अभियान के तहत आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर को पुलिस कर्मियों एवं उनके परिवारजनों के लिए लाभकारी बताते हुए अधिकारियों ने कहा कि ऐसे आयोजन समय पर रोगों की पहचान, उपचार और स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# टीआई नामदेव के तबादले पर ग्रामीणों ने दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल



लोहत्तर थाना में पदस्थ थाना प्रभारी लक्ष्मी नारायण नामदेव के स्थानांतरण कोरर थाना होने पर आयोजित विदाई समारोह में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ पुलिस और जनता के बीच विश्वास एवं समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस अवसर पर जनपद पंचायत सभापति विकास राजू नायक ने थाना प्रभारी के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उनका कार्यकाल केवल कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने समाज और पर्यावरण के प्रति अपनी विशेष संवेदनशीलता का परिचय भी दिया। एक पुलिस अधिकारी के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए जनता और पुलिस के बीच विश्वास का मजबूत पुल तैयार किया, जो किसी भी क्षेत्र के विकास और शांति के लिए अत्यंत आवश्यक है। एसडीओपी शेर बहादुर सिंह ठाकुर ने कहा कि थाना प्रभारी एक कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित एवं जनहितैषी अधिकारी हैं, जिन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्राचार्य सुशील साहू ने कहा कि थाना प्रभारी ने अपने कार्यकाल में समाज के सभी वर्गों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध स्थापित किए। उनका व्यवहार सदैव सरल, विनम्र एवं सहयोगात्मक रहा। पूर्व जनपद अध्यक्ष संतो दुग्गा ने कहा कि पुलिस अधिकारी के रूप में जनता का विश्वास जीतने का सराहनीय कार्य किया है।

थाना प्रभारी लक्ष्मी नारायण नामदेव ने कहा कि लोहत्तर थाना क्षेत्र में कार्य करने के दौरान उन्हें जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं आम नागरिकों का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ। इस अवसर पर कोटवार बुधदेव नाग, संतोष लावतरे, राकेश टांडिया, समारी बाई, अर्जुन सिंह, ग्रामवासी राधेश्याम तोप्पा, स्काउड साहू नरसिंह, बिरदेव, हिरेसिंह, पुरुषोत्तम साहू, रतन सिंह, नीरज कोषमा, सुचिता पुरामे, जमुना साहू, परमिला दुग्गा, गायत्री बाई, दुकलो बाई दुग्गा, पुलिस विभाग के कर्मचारी और ग्राम वासियो की उपस्थित रहें।

## मोबाइल नेटवर्क बनी बड़ी समस्या, डिजिटल युग नाम बड़े दर्शन छोटे

**दुर्गुकोंदल।** देश जहां डिजिटल इंडिया, ऑनलाइन सेवाओं और एआई के नए दौर में तेजी से आगे बढ़ रहा है, वहीं दुर्गुकोंदल ब्लॉक मुख्यालय से महज 2 से 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम सिहारी आज भी मोबाइल नेटवर्क जैसी बुनियादी सुविधा के लिए संघर्ष कर रहा है। वर्षों से चली आ रही नेटवर्क समस्या अब ग्रामीणों के लिए गंभीर चिंता और आक्रोश का विषय बन गई है।

ग्रामीणों के अनुसार पहले गांव के कुछ हिस्सों में मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध हो जाता था, जिससे फोन कॉल और आवश्यक संपर्क संभव हो पाता था। लेकिन बीते कुछ समय से स्थिति और खराब हो गई है। अब अधिकांश क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क पूरी तरह गायब रहता है, जिसके कारण लोगों का संपर्क बाहरी दुनिया से लगभग टूट जाता है। आपातकालीन परिस्थितियों में भी ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मोबाइल नेटवर्क की कमी का असर केवल व्यक्तिगत संचार तक सीमित नहीं है, बल्कि शासन की विभिन्न योजनाओं के संचालन पर भी पड़ रहा है। मनरेगा के अंतर्गत नरेगा मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से श्रमिकों की उपस्थिति दर्ज करने में कठिनाई आती है। ग्रामीणों का कहना है कि उचित मूल्य दुकान में एक दिन में केवल 10 से 15 हितग्राहियों को ही राशन मिल पाता है, जिससे लोगों को बार-बार चक्कर लगाना पड़ता है। क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भी सांसद को लिखित एवं मौखिक रूप से जानकारी दी गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान सामने नहीं आया है। ग्राम पंचायत सिहारी की उपसरपंच फूलेश्वरी नेताम ने गांव में मोबाइल नेटवर्क की स्थायी व्यवस्था किए जाने की मांग की है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## जनपद पंचायतों के लिए 64.50 लाख की प्रथम किस्त जारी

**कांकेर।** जनपद पंचायत विकास निधि योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जिले की सभी जनपद पंचायतों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्यों के लिए 25 प्रतिशत प्रथम किश्त की राशि 64 लाख 50 हजार रूपए का आबंटन प्राप्त हुआ है। उक्त आबंटन का उपयोग छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी जनपद पंचायत विकास निधि के नवीन मार्गदर्शिका में निहित निर्देशानुसार किया जाएगा।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने बताया कि प्राप्त आबंटन की राशि प्रत्येक जनपद पंचायत के अध्यक्ष के लिए 01 लाख 25 हजार रूपए, उपाध्यक्ष के लिए 75 हजार रूपए तथा प्रति जनपद सदस्यों के लिए 50 हजार रूपए के मान से कुल 64 लाख 50 हजार रूपए की जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद पंचायत अंतागढ़ के लिए 07 लाख 50 हजार रूपए, भानुप्रतापपुर के लिए 08 लाख रूपए, चारामा के लिए 09 लाख 50 हजार रूपए, दुर्गुकोंदल के लिए 06 लाख 50 हजार रूपये, कांकेर के लिए 09 लाख रूपए, कोयलीबेड़ा के लिए 13 लाख 50 हजार और जनपद पंचायत नरहरपुर के लिए 10 लाख 50 हजार रूपए की राशि जारी की गई है।

